भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 870
दिनांक 09.02.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेशी दौरों पर खर्च

870 . **श्री नीरज डांगी:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत एक वर्ष के दौरान और आज की तारीख तक विदेश मंत्री द्वारा किए गए विदेशी दौरों का देश–वार ब्यौरा क्या है:

(ख) सरकार द्वारा उन दौरों पर कुल कितनी राशि खर्च की गई और उक्त दौरों में किन किन मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया;

(ग) इन विदेशी दौरों से भारत को हुए लाभों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और मधुर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए है या उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क और ख) सूचना अनुबंध–I में दी गई है। उपलब्ध विवरण के अनुसार इन यात्राओं पर भारत सरकार द्वारा 5,25,91,827 रुपए की धनराशि खर्च की गई है।

(ग और घ) विदेशी यात्राओं का उद्देश्य अन्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों को मजबूत करना तथा क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर भारत के संबंधों को बढ़ावा देना है। ऐसी यात्राएं महत्वपूर्ण होती हैं जिनके द्वारा भारत अपने राष्ट्रीय हित को पूरा करता है और विदेशी नीति के उद्देश्यों को कार्यान्वित करता है। इन यात्राओं से उच्चतम स्तर पर विदेशी सहभागियों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण के प्रति समझ बढ़ी है। इन यात्राओं के दौरान बनाई गई समझ से भारत भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन जैसे वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए विश्व को भारत के अद्वितीय समाधानों की पेशकश करते हुए बेहतर बहुपक्षवाद, शान्ति और सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय अपराध, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा तथा खाद्य सुरक्षा आदि जैसे वैश्विक मुद्दों पर एजेंडा को तैयार करने और भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने में समर्थ हुआ। इन यात्राओं और इन यात्राओं के दौरान हुए समझौता ज्ञापनों/करारों से भारत व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी तथा रक्षा सहयोग सहित कई क्षेत्रों में भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने में समर्थ हुआ है। इस तरह के परिणाम आर्थिक विकास और हमारे लोगों की बेहतरी को बढ़ावा देने तथा जी–20 जैसे मंचों में विकासशील देशों के हितो को आगे बढ़ाने के लिए भारत के राष्ट्रीय विकास एजेंडे में भी योगदान करते हैं।

*****

अनुबंध **-I**

विगत एक वर्ष में विदेश मंत्री द्वारा की गई यात्राएं

क्र. सं.	जिन देशों की यात्रा की गई	यात्रा की अवधि
2022		
1.	ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस	10-15 फरवरी, 2022
2.	जर्मनी और फ्रांस	18-23 फरवरी, 2022
3.	मालदीव और श्रीलंका	26-30 मार्च, 2022
4.	संयुक्त राज्य अमेरिका	11-12 अप्रैल, 2022
5.	बांग्लादेश और भूटान	28-30 अप्रैल, 2022
6.	स्लोवाकिया और चेक गणराज्य	02-06 जून, 2022
7.	इंडोनेशिया	06-08 जुलाई, 2022
8.	ताशकंद	28-29 जुलाई, 2022
9.	कंबोडिया	03-04 अगस्त, 2022
10.	थाईलैंड	16-18 अगस्त, 2022
11.	ब्राजील, पैराग्वे और अर्जेंटीना	22-27 अगस्त, 2022
12.	संयुक्त अरब अमीरात	31 अगस्त- 02 सितंबर, 2022
13.	जापान	07-10 सितंबर, 2022
14.	सऊदी अरब अधिराज्य	10-12 सितंबर, 2022
15.	संयुक्त राज्य अमेरिका	18-28 सितंबर, 2022
16.	न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया	05-11 अक्टूबर, 2022
17.	मिस्र अरब गणराज्य	15-16 अक्टूबर, 2022
18.	रूस	07-08 नवंबर, 2022
19.	कंबोडिया	11-13 नवंबर, 2022
20.	संयुक्त राज्य अमेरिका	13-15 दिसंबर, 2022
2023		
1.	साइप्रस और ऑस्ट्रिया	29 दिसंबर 2022 - 03 जनवरी, 2023
2.	मालदीव और श्रीलंका	18-20 जनवरी, 2023

*****